कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.11.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

## पशुओं से सुरक्षित व्यवहार और फर्स्ट एड प्रोटोकॉल पर परिचर्चा

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो रिट पिटीशन सिविल के अंतर्गत दिये गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश में प्राध्यापकों एवं छात्राओं के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय में पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और छात्रा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए पशुओं के आसपास सावधानी बरतने, काटने के बाद प्राथमिक उपचार प्रदान करने की जानकारी दी। डॉ0 तोषिना तैलंग ने छात्राओं को अपरिचित पशुओं से दूरी बनाए रखने और उकसाने और छोड़ने से बचने के बारे में बताया। डॉ0 अनामिका वस्त्रकार ने प्राथमिक उपचार समझाए, सुश्री तबस्सुम अली ने छात्राओं को तुरंत रिपोर्टिंग के प्रोटोकॉल के बारे में बताया। इस अवसर पर एक टीम का भी गठन किया गया जो कि निरीक्षण कर महाविद्यालय प्रांगण में किसी भी तरह के पशु के प्रवेश एवं व्यवहार पर निरंतर निगरानी कर रिपोर्ट प्रदान करेगी जिससे किसी भी दुर्घटना और अप्रिय स्थिति को रोका जा सके और सुरक्षा मानकों का पालन हो सके।

*टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

पशुओं से सुरक्षित व्यवहार और फर्स्ट एड प्रोटोकॉल पर परिचर्चा




